अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर, लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में रेल सहायकों से मुलाक़ात की

....

नई दिल्ली; 01 मई, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर संसद भवन परिसर में रेल सहायकों से मुलाक़ात की। इस अवसर पर श्री बिरला ने देश और समाज के प्रति रेल सहायकों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। श्री बिरला ने कहा की रेल सहायक समेत सम्पूर्ण श्रमिक वर्ग देश की उन्नति और प्रगति के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। उन्होंने आगे कहा कि रेल सहायक परिश्रम के साक्षात प्रतिमान हैं।

रेल सहायकों के परिश्रम और सेवाभाव की प्रशंसा करते हुए श्री बिरला ने कहा कि रेल सहायक स्टेशन पर यात्रियों के भारी सामान को अपने सिर, कंधे पर रखकर उन्हें उनकी मंजिल तक पहुँचाते है और यात्रियों को प्लेटफ़ॉर्म, कोच की जानकारी देते हैं जिससे रेल में सुविधाजनक सफ़र का विस्तार संभव हुआ है। श्री बिरला की पहल पर रेल सहायक पहली बार संसद भवन की यात्रा पर आए थे।